University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

# University in News on 11 July 2020

**AMAR UJALA MY CITY Page 5**

## लविवि कुलपति से होगा सीधा संवाद, आप भी पूछें सवाल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। कोरोना संकट काल में हर व्यक्ति बुरी तरह प्रभावित है। इससे उच्च शिक्षा भी नहीं बच पाई है। विद्यार्थियों के मन में प्रवेश से लेकर परीक्षा और दाखिले से संबंधित तमाम सवाल हैं। इन्हीं सवालों का उत्तर देने के लिए 'अमर उजाला' अपने सामाजिक सरोकारों की कड़ी में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति के साथ 12 जुलाई (रविवार) को दोपहर 1 बजे से वेबिनार का आयोजन कर रहा है। इसमें कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय प्रवेश, परीक्षा, पढ़ाई पर अपनी बात रखेंगे। साथ ही विद्यार्थियों व शिक्षकों को संबोधित करेंगे।

विश्वविद्यालय से जुड़े छात्र या फिर शिक्षक कुलपति से हमारे माध्यम से अपने सवालों का जवाब प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें वेबिनार से पूर्व व्हाट्सएप नंबर 8960269305 पर अपने सवाल लिखकर भेजने होंगे। खास बात है कि इस वेबिनार का लाइव भी अमर उजाला लखनऊ के फेसबुक पेज पर किया जाएगा। इस लाइव से जुड़कर भी छात्र व शिक्षक कुलपति से सीधे सवाल कर सकेंगे। वेबिनार का मकसद कोरोना संकट की वजह से डिग्री स्तर की परीक्षा और पढ़ाई में आ रही समस्याओं पर चर्चा करना है।

कुलपति वेबिनार में लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह की तैयारियों की भी जानकारी देंगे। साथ ही विवि क्या नया करने जा रहा है, इस बारे में भी बताएंगे। इस समय परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में उहापोह के साथ ही ऑनलाइन पढ़ाई भी इस समय एक बड़ा मुद्दा है। इन मुद्दों पर भी कुलपति अपनी बात रखेंगे तथा स्टूडेंट्स की समस्याओं का समाधान भी करेंगे।...तो फिर अमर उजाला की ओर से आयोजित किए जा रहे इस वेबिनार से जुड़ने के लिए आप तैयार हो जाएं।

**अमर उजाला की ओर से रविवार को वेबिनार में प्रवेश, परीक्षा और पढ़ाई पर होगी बात**

अपने सवाल यहां भेजें

व्हाट्सएप नंबर : 8960269305

अमर उजाला लखनऊ के फेसबुक पेज फॉलो करें

https://www.facebook.com/AuNewsLucknow

लाइव सेशन ज्वाइन करने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**HINDUSTAN Page 7**

## बीजेएमसी व बीएससी एग्री में आवेदन जारी

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय अब बीजेएमसी और बीएससी एग्रीकल्चर में भी प्रवेश लेगा। इसके लिए आवेदन जारी कर दिए गए हैं। यह प्रवेश विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों के लिए होंगे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों का संचालन विश्वविद्यालय परिसर में नहीं किया जाता है। यह सिर्फ कॉलेज में ही संचालित होते हैं। इसलिए, इन पाठ्यक्रमों का प्रवेश विश्वविद्यालय सिर्फ महाविद्यालयों के लिए करेगा।

**एक फार्म से इन कॉलेजों में मिलेंगे दाखिले:** इस सत्र से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केन्द्रीकृत प्रवेश व्यवस्था की शुरुआत की गई है। प्रवक्ता ने बताया कि इस ऐतिहासिक निर्णय से विद्यार्थियों को बहुत सुविधा होगी और कोरोना संकट में उन्हें अलग-अलग महाविद्यालयों में फार्म नहीं भरना पड़ेगा। इसके तहत विभिन्न महाविद्यालयों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रवेश के लिए केन्द्रीय प्रवेश प्रणाली में सम्मिलित होने का आवेदन किया है। इन महाविद्यालयों का ब्योरा, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रमों के सीटों की जानकारी के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमीशन पेज पर अपलोड कर दिया गया है। दाखिले के इच्छुक छात्र सिर्फ एक लखनऊ विश्वविद्यालय का फार्म भरके इनमें भी प्रवेश ले सकेंगे। इन कॉलेजों की संख्या 50 से ज्यादा बताई जा रही है।

**50 से ज्यादा कॉलेज आए आगे, सिर्फ कॉलेजों में चलते हैं यह पाठ्यक्रम**

### निजी कॉलेज आए आगे

लखनऊ विश्वविद्यालय की इस केन्द्रीकृत प्रवेश व्यवस्था से शहर के सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों ने दूरी बनाई है। एक-दो संस्थानों को छोड़ दिया जाए तो कोई इसमें शामिल ही नहीं हुआ है। वहीं, निजी संस्थान इसमें जुड़ने के लिए आगे आए हैं।

**i-NEXT Page 5**

## बीजेएमसी में भी करें आवेदन

LUCKNOW (10 July): एलयू द्वारा अब बीजेएमसी और बीएससी एग्रीकल्चर में भी प्रवेश लिया जाएगा. एलयू प्रशासन ने इसके लिए आवेदन जारी कर दिए हैं. यह प्रवेश विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों के लिए होंगे. विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ये पाठ्यक्रम सिर्फ कॉलेज में ही संचालित होते हैं. विवि प्रवेश महाविद्यालयों के लिए करेगा. इस सत्र से विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था शुरू कर दी गई है. इससे विद्यार्थियों को काफी सुविधा होगी. विद्यार्थियों को अलग-अलग कॉलेजों में फॉर्म नहीं भरना पड़ेगा. विभिन्न कॉलेजों ने इस प्रणाली में सम्मिलित होने का आवेदन किया है.

**DAINIK JAGRAN Page 3**

## लविवि : बीजेएमसी व बीएससी एजी में करें आवेदन

जासं, लखनऊ : लविवि द्वारा अब बीजेएमसी और बीएससी एग्रीकल्चर में भी प्रवेश लिया जाएगा। लविवि प्रशासन ने इसके लिए आवेदन जारी कर दिए हैं। यह प्रवेश विश्वविद्यालय से जुड़े कॉलेजों के लिए होंगे। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि ये पाठ्यक्रम सिर्फ कॉलेज में ही संचालित होते हैं। विवि प्रवेश महाविद्यालयों के लिए करेगा।

**एक फार्म से इन कॉलेजों में मिलेंगे दाखिले :** इस सत्र से विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था शुरू कर दी गई है। इससे विद्यार्थियों को काफी सुविधा होगी। विद्यार्थियों को अलग-अलग कॉलेजों में फॉर्म नहीं भरना पड़ेगा। विभिन्न कॉलेजों ने केंद्रीय प्रवेश प्रणाली में सम्मिलित होने का आवेदन किया है। इन महाविद्यालयों का ब्योरा, पाठ्यक्रम और उनमें सीटों की जानकारी के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमीशन पेज पर अपलोड कर दिया गया है। केंद्रीय प्रवेश प्रणाली में जहां शहर के एक-दो सरकारी संस्थानों को छोड़ कर किसी ने रुचि नहीं दिखाई, वहीं निजी संस्थान इसमें जुड़ने के लिए आगे आए हैं।

**PIONEER Page 3**

## सेंट्रलाइज्ड एडमिशन के लिए कालेजों का डेटा वेबसाइट पर अपलोड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

नए सत्र में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से कालेजो को साथ लेकर शुरू की गई सेंट्रलाइज्ड एडमिशन की व्यवस्था में शामिल होने वाले कालेजों का डेटा विवि प्रशासन ने वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। डेटा अपलोड होने से कालेजों में दाखिले के इच्छुक स्टूडेंट लखनऊ विश्वविद्यालय का फार्म भरकर दाखिला पा सकते हैं। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए केन्द्रीकृत प्रवेश व्यवस्था प्रारम्भ की गई हैए जिसके तहत विभिन्न महाविद्यालयों ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के प्रवेश के लिए केन्द्रीय प्रवेश प्रणाली में सम्मिलित होने का आवेदन किया है । उन महाविद्यालयों का ब्योराए पाठ्यक्रम एवं पाठ्यक्रमों के सीटों की जानकारी के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर अपलोड कर दिया गया है।